# MPOnline Limited

निरुपम शॉपिंग मॉल, 2nd फ्लोर,

अहमदपुर, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462026

## विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु सूचना

1) **संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator e-gov) 10 पद (प्रत्येक संभाग में 1 पद)**
2) **जिला समन्वयक (District Coordinator e-gov) 51 पद (प्रत्येक जिले में 1 पद)**
3) **सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer-Ms.Net Technology) 25 पद (एमपीऑनलाइन कार्यालय में)**

आवेदन एमपीऑनलाइन की बेवसाइट **https://www.mponline.gov.in** पर दिनांक 17 **जून** 2014 से **4 जुलाई, 2014** तक भरे जावेंगे। ऑनलाइन आवेदन योग्यता, अनुभव एवं नियुक्ति की शर्तें विस्तृत रूप में एमपीऑनलाइन बेवसाइट पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य परिचालन अधिकारी**

**एमपीऑनलाइन लिमिटेड, भोपाल**

मप्र के संभाग स्तर पर 10 संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator) एवं जिला स्तर पर 51 जिला समन्वयक (District Coordinator) एवं 25 सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पदों पर भर्ती हेतु आयोजित ऑनलाइन परीक्षा हेतु योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

**1. पदों का विवरण निम्नानुसार हैः-**

| क्रमांक | पद का नाम |
|---|---|
| 1 | संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator) |
| 2 | जिला समन्वयक ((District Coordinator) |
| 3 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer) |

संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator) की पदस्थापना संभाग स्तर पर तथा जिला समन्वयक ((District Coordinator) की पदस्थापना जिला स्तर पर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer) की पदस्थापना एमपीऑनलाइन कार्यालय में की जावेगी।

**वेतनमानः-** सभी पदों का वेतनमान योग्यता एवं कार्य अनुभव के आधार पर निर्धारित किया जावेगा।

**2. विभिन्न पदों हेतु आवेदकों की योग्यताएँ इस प्रकार हैंः-**

| क्र. | पदों का नाम | न्यूनतम अर्हतादायी योग्यता | न्यूनतम अनुभव |
|---|---|---|---|
| • | संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator) | Full-time regular degree in any discipline from a recognized Indian University with Computer Science as one of the subject in degree course.<br><br>OR<br><br>Full-time regular degree in any discipline from a recognized Indian University with one year diploma in Computer Applications/PGDCA/DOEACC ‘A’ level certificate. | Minimum 5 years of Post qualification experience in Marketing.<br><br>(Candidates having a Diploma or further certification in Training and Development or experience in handling E-gov projects will be given preference.) |
| • | जिला समन्वयक (District Coordinator) | | Minimum 3 years of Post qualification experience in Marketing.<br><br>(Candidates having a Diploma or further certification in Training and Development or experience in handling E-gov projects will be given preference.) |
| • | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer) | B.E (Information Technology/Computer Science)/ B.Tech (Information Technology/ Computer Science)/ MCA/ M.Sc (Information Technology/Computer Science) | Minimum 2 years of Post qualification experience in Microsoft Technologies, Asp.Net 3.0 & above, C#.Net, MS SQL Server, .Net Framework, Visual Studio, Crystal Reports. |

**3. ऑनलाइन आवेदन करने की पात्रताः-**

- अभ्यर्थी को हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- सभी पदों के लिये न्यूनतम आयु सीमा दिनांक 01.07.2014 को 21 वर्ष होना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थियों की शिक्षा या कार्यानुभव के मध्य 2 वर्ष से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिये।

**पदों एवं शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार रहेगाः-**

| क्रं. | पदों का नाम | ऑनलाइन परीक्षा शुल्क रु. |
|---|---|---|
| **1.** | संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator) / जिला समन्वयक (District Coordinator) | 390/- |
| **2.** | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer) | 390/- |
| **3.** | संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator)<br>जिला समन्वयक (District Coordinator)<br>सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer) | 780/- |

**4. पदों के लिये कार्य विवरण (JOB DESCRIPTION)-**

| **क्रमांक** | **पद का नाम** | **कार्य विवरण (JOB DESCRIPTION):-** |
|---|---|---|
| 1 | संभागीय समन्वयक (Divisional Coordinator) | संभाग स्तर पर कियोस्क एवं सीएससी मैनेजमेंट के अंतर्गत कियोस्क एवं सीएससी का वेरिफिकेशन, मोटिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, नवीन कियोस्क स्थापित करना, कियोस्क समस्याएं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करना, एमपीऑनलाइन सेवाओं का प्रचार-प्रसार करना तथा जिला स्तर पर नियुक्त जिला समन्वयकों से समन्वय स्थापित करना। |
| 2 | जिला समन्वयक ((District Coordinator) | जिला स्तर पर कियोस्क एवं सीएससी मैनेजमेंट के अंतर्गत कियोस्क एवं सीएससी का वेरिफिकेशन, मोटिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, नवीन कियोस्क स्थापित करना, कियोस्क समस्याएं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करना, एमपीऑनलाइन सेवाओं का प्रचार-प्रसार करना तथा संभागीय समन्वयक से समन्वय स्थापित करना। साथ ही जिला कलेक्टर कार्यालय सहित विभिन्न शासकीय विभागों से समन्वय स्थापित करना। |
| **3** | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (Software Engineer) | प्रोजेक्ट की आवश्यकतानुसार एप्लीकेशन विकसित करना उनका परीक्षण करना तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करना। |

**5.** संभागीय समन्वयक एवं जिला समन्वयक के पदों के लिये एकल परीक्षा आयोजित की जाएंगी। तथा साफ्टवेयर इंजीनियर के लिये अलग से परीक्षा आयोजित की जाएगी। सभी परिक्षाएं ऑनलाइन होंगीं, जिनमें वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछें जाएंगे। प्रश्न पत्र अंग्रेजी माध्यम में रहेगा, प्रश्न पत्र कुल 100 अंकों का होगा। प्रश्न पत्र की अवधि डेढ़ घंटे (90 मिनिट) होगी।

**6.** प्रश्न पत्र में विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का प्रतिशत इस प्रकार प्रावधिक हैं:-

| **क्रमांक** | **पद का नाम** | **परीक्षा प्रश्न पत्र में विभिन्न विषयों के प्रश्नों का प्रतिशत** |
|---|---|---|
| 1 | संभागीय समन्वयक<br>(Divisional Coordinator) | 1. कम्प्यूटर नॉलेज – 40%<br>2. सामान्य जागरूकता -20%<br>3. तर्कशक्ति - 20%<br>4. प्रारंभिक गणित एवं एनॉलिटिकल एविलिटी - 20% |
| 2 | जिला समन्वयक<br>(District Coordinator) | 1. कम्प्यूटर नॉलेज – 40%<br>2. सामान्य जागरूकता -20%<br>3. तर्कशक्ति - 20%<br>4. प्रारंभिक गणित एवं एनॉलिटिकल एविलिटी - 20% |
| 3 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर<br>(Software Engineer) | 1. तकनीकी ज्ञान (Asp.Net 3.0, C#.Net, MS SQL Server, Visual Studio, Crystal Reports) - 40%<br>2. सामान्य जागरूकता -20%<br>3. तर्कशक्ति - 20%<br>4. प्रारंभिक गणित एवं एनॉलिटिकल एविलिटी - 20% |

प्रश्नों का उपर्युक्त विभाजन प्रावधिक है, जिसमें थोड़ा-बहुत परिवर्तन हो सकता है।

# ऑनलाइन चयन परीक्षा की समय-सारणी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन जारी होने की तिथि | 17 जून, 2014 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि | 17 जून, 2014 से 4 जुलाई, 2014 |
| 3. | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 8 जुलाई, 2014 से 12 जुलाई, 2014 |
| 4. | ऑनलाइन परीक्षा तिथि | 12 जुलाई, 2014 |
| 5. | परिणाम घोषणा की तिथि | 18 जुलाई, 2014 |
| 6. | सभी पदों हेतु प्रावधिक मेरिट सूची का प्रकाशन | 22 जुलाई, 2014 |

प्रावधिक मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन एवं साक्षात्कार की जानकारी एमपीऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करा दी जावेगी।

**परीक्षा केंद्रः-** भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, सतना एवं रीवा।

- परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर, परीक्षा की पालियाँ एवं परीक्षा केंद्र निर्धारित किये जावेंगे।
- अभ्यर्थियों को ऑनलाइन चयन परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
- ऑनलाइन परीक्षा के पश्चात कुल रिक्तियां के तीन गुने उत्तीर्ण अभ्यार्थी दस्तावेंज प्रमाणीकरण के लिये बुलाये जायेंगे।दस्तावेजों का सत्यापन एमपीऑनलाइन लिमिटेड, भोपाल स्थित कार्यालय में कराना होगा।
- दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया में सफल अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल किया जावेगा।

**अभ्यर्थियों को निम्न दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य हैः-**

1. हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) की अंक सूची.
2. हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) की अंक सूची।
3. संबंधित पद हेतु निर्धारित योग्यता, अनुभव एवं प्रशिक्षण संबंधित समस्त प्रमाण पत्र (जो अभ्यर्थी पर लागू हों)।
4. कार्यानुभव हेतु प्रमाण पत्र के साथ-साथ न्यूनतम तीन माह का मानदेय संबंधी बैंक स्टेटमेंट/टी.डी.एस. कटौत्रा पत्रक/वेतन पर्ची/ई.पी.एफ. कटौत्रा/मानदेय वाउचर की छायाप्रति अनिवार्य करना होगा।
5. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में उल्लेखित अन्य उपलब्धियों के प्रमाण पत्र।

**उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रस्तुत न करने एवं दस्तावेज असत्य पाये जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी अमान्य कर दी जावेगी।**

7. **निरर्हताएः-**

- **पररुपधारणः-** किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास उसके लिये अनर्हकारी माना जावेगा।
- कूटरचित अभिलेख प्रस्तुत करने पर।

8. **कदाचरण संबंधीः-**किसी भी ऐसे उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्त नहीं किया जावेगा यदि उसे शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो। यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

- ऐसा उम्मीदवार जिसके विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज है अथवा उसके विरुद्ध दर्ज किसी अपराधिक मामले में वह दोषी सिद्ध हुआ हो।

9. **स्वास्थ्य संबंधी मानसिक रूप से फिट न होने परः**- किसी भी उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्त नही किया जावेगा जब तक कि वह राज्य शासन के ऐसे चिकित्सा अधिकारी, जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा जारी स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न कर दे।
10. फर्जी दस्तावेज/चयन के स्तर पर जानकारी छिपायी हो।
11. अभ्यर्थियों को परीक्षा, दस्तावेजों के सत्यापन एवं साक्षात्कार में शामिल होने के लिये कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।
12. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में एमपीऑनलाइन का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

## **ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीः-**

ऑनलाइन आवेदन फार्म **https://www.mponline.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। आवेदक द्वारा परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरकर परीक्षा शुल्क राशि 390/- रुपये का नगद भुगतान एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क /सीएससी के माध्यम से या क्रेडिट/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकेगा। एमपीआनलाइन के अधिकृत कियोस्क एवं सीएससी की सूची देखने के लिये **https://www.mponline.gov.in** पर **Authorized Kiosk list link** को क्लिक करें।

**1. इंटरनेट कैफे या स्वयं घर बैठे कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन फार्म भरने की विधिः-**
आवेदक **https://www.mponline.gov.in** के माध्यम से होम पेज पर Citizen Services ( नागरिक सेवाएँ) क्लिक करें। इसके उपरांत **Online Assessment** लिंक पर क्लिक करें। तत्पश्चात "MPOnline Recruitment" पर **click** करें। अब उसे यहां तीन आप्शन दिखाई देंगें।

1. **Rule Book**
2. **Apply Online**
3. **Pay unpaid/Duplicate Receipt**

आवेदक फॉर्म भरने से पहले **Rule book** को क्लिक कर दी गई समस्त जानकारी और शर्तो को अच्छी तरह पढ़लें। इसके उपरांत ही आवेदक **Apply Online** को क्लिक करें।इसके उपरांत आवेदक को स्क्रीन पर फार्म दिखाई देगा। आवेदक को फार्म में मांगी गईं समस्त जानकारियां सही-सही भरना अनिवार्य है। आवेदक ऑनलाइन फार्म भरने से पहले बेवसाइट पर दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें। आवेदक को फार्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन **Browse** दिखाई देगा। इसमें आवेदक को अपना फोटो और हस्ताक्षर अटैच करना है। फोटो और हस्ताक्षर को अलग अलग स्केन कर jpg या jpeg फॉर्मेट में ही सेव करें।अब आवेदक "Upload documents" बटन क्लिक करें। इसमें आवेदक को अपना फोटो और हस्ताक्षर अटैच करना है। इस बटन के नीचे आवेदक को फोटो हस्ताक्षर के प्रारूप हेतु लिंक मिलेगा। इसके उपरांत जिस डायरेक्ट्री में आवेदक ने अपना फोटो और हस्ताक्षर स्कैन कर सेव किया है, उस डायरेक्ट्री से अपना फोटो और हस्ताक्षर सिलेक्ट कर अटैच करे।

आवेदक फार्म को पूर्ण रूप से भरने के बाद उसे अच्छी तरह पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर ले कि फार्म में जो भी जानकारी भरी गई हैं, वह सही है। यदि फार्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई है तो पुनः उसे ठीक कर लें। इसके उपरांत ही **Submit** बटन दबाए। इससे आवेदक को एक आवेदन फार्म नंबर प्राप्त होगा। इसके उपरांत आवेदक परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए **Proceed to Payment** बटन दबाएगा तो उसे परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु दो आप्शन दिखाई देंगेः.

1. क्रेडिट कार्ड।
2. इंटरनेट बैंकिंग।

2 **क्रेडिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतानः.** आवेदक किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भर सकता है। फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदक द्वारा फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के लिए **Proceed to Payment** बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर आईसीआईसीआई बैंक का पेमेंट गेटवे दिखाई देगा। इसमें क्रेडिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कन्फर्म बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। आवेदक को परीक्षा शुल्क भुगतान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद कम्प्यूटराइज्ड रसीद प्राप्त होगी। जिस पर उसकी ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी भी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद काप्रिंट अवश्य लें। **आवेदक इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपने पास संभालकर रखें।**जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

3 **इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतानः.** आवेदक चाहे तो स्वयं घर बैठे इंटरनेट या इंटरनेट कैफे के माध्यम से फार्म भरकर परीक्षा शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग सुविधा से कर सकता है। इसके लिए आवेदक के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या एक्सिस बैंक की नेटबैंकिंग सुविधा होना अनिवार्य है। आवेदक फार्म भरने के उपरांत **Proceed to Payment** बटन दबाएगा, यहां पर उसे इंटरनेट बैंकिंग ऑप्शन दिखाई देगा। इसे क्लिक करने पर उसे अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आईजी एवं पासवर्ड डालकर लागिन होगा। इस प्रक्रिया से आवेदक अपने बैंक एकाउंट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलतापूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आवेदक को स्क्रीन पर पावती नंबर और आवेदक का विवरण दिखाई देगा। आवेदक इसका प्रिंट अवश्य लें। **आवेदक इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपने पास संभालकर रखें।**जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

4 **एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क /सीएससी के माध्यम से शुल्क का नगद भुगतानः-** आवेदक अपना फार्म कियोस्क से भरवाकर परीक्षा शुल्क की राशि का नगद भुगतान कियोस्क के माध्यम से भी कर सकते है। आवेदक सर्वप्रथम फार्म भरने संबंधी निर्देश और जानकारियां सावधानीपूर्वक पढ़ ले, ताकि मांगी गई समस्त जानकारियां फार्म में सही-सही भरी जा सकें। इसके उपरांत आवेदक कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फार्म भरवा लें। फार्म भरते समय आवेदक का फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन कर उचित स्थान पर अटैच करना अनिवार्य है। फार्म भरने के उपरांत शुल्क का भुगतान करने से पूर्व आवेदक फार्म में भरी गई समस्त जानकारियां पुनः अच्छी तरह पढ़ लें। आवेदक सभी जानकारियां सही-सही भरी होने के उपरांत ही कियोस्क संचालक को **Proceed to Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान करने का कहे। कियोस्क संचालक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कम्प्यूटराइज्ड रसीद आवेदक को प्रदान करेगा।

इस रसीद में परीक्षा शुल्क और पोर्टल शुल्क की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही आवेदक से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी। आवेदक इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा अपने पास संभालकर रखें। जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

5 यदि आवेदक के पास क्रेडिट/डेबिट कार्ड या नेटबैंकिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है तो भरे गये फार्म के परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कियोस्क के माध्यम से **Pay unpaid Application** लिंक द्वारा कर सकता हैः-

6 इसके लिए आवेदक को उपरोक्त बताये गये बिन्दु में दर्शाई गई विधि अनुसार फार्म भरने के उपरांत अपने नजदीक में स्थापित एमपीऑनलाइन कियोस्क पर जाकर अपना आवेदन क्रमांक एवं अपनी जन्मतिथि बताना होगा। इसके उपरांत कियोस्क संचालक **Pay unpaid Application** Link में उक्त जानकारी भरकर फार्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत **Proceed to Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक आवेदक को कम्प्यूटराइज्ड रसीद प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क और पोर्टल शुल्क की जानकारी के साथ आवेदक से संबंधित समस्त जानकारी अंकित होगी।

7 आवेदक **ऑनलाइन आवेदन** की पावती की प्रति भविष्य के लिए संभाल कर रखे, क्योंकि इसमें आवेदक का विवरण दर्ज है, जिसका उपयोग आवेदक ऑनलाइन प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु कर सकते हैं।

8 ऐसे आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे जिन्हें ऑनलाइन भरने के बाद प्रिंट लेकर एमपीऑनलाइन को डाक के माध्यम से भेजा जायेगा। पोर्टल शुल्क के किसी भी प्रकार का बैंक ड्राफ्ट भी स्वीकार नहीं किया जावेगा। ऐसे आवेदन मान्य न करते हुए निरस्त कर दिये जावेंगे और उसकी जवाबदारी आवेदक की मानी जावेगी।

9 आवेदक अपने पते में मोबाइल नंबर तथा ई-मेल अवश्य दें तथा नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे परिवर्तित न करें।परिवर्तन करने की स्थिति में यदि कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो इसकी जवाबदारी स्वयं उम्मीदवार की होगी।

10 आवेदक द्वारा एमपीऑनलाइन के कियोस्क/सीएससी से फार्म भरने की दशा में मात्र एक बार ही रुपये 390/- का भुगतान करना होगा।

11 यदि आवेदकों को ऑनलाइन फार्म में भरने में कोई समस्या आती है एवं किसी भी कियोस्क/सीएससी द्वारा परीक्षा शुल्क की निर्धारित राशि से अधिक की मांग की जाती है तो दूरभाष नंबरों 0755-4019400 पर तत्काल संपर्क करे।

## आवश्यक सूचनाः-

1) आवेदक को प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान प्रमाण पत्र परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य है अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
2) पहचान पत्रों की सूची निम्नानुसार है :–
   - मतदान पहचान पत्र
   - **पासपोर्ट**
   - पेन कार्ड
   - ड्राईविंग लाईसेंस
   - केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारी के लिए जारी किया गया फोटो पहचान पत्र
   - फोटो लगा हुआ राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक
   - फोटो लगी हुई दसवीं और बारहवी कक्षा की मार्कशीट।
3) परीक्षा केंद्र पर **ऊपर दर्शाये गए** पहचान **पत्रों में से किसी एक पहचान पत्र** की **मूल** प्रतिलिपि लेकर ही प्रवेश करें।फोटो कापी मान्य नहीं की जावेगी।
4) आवेदक को अपने चुने हुए परीक्षा केंद्र पर समय से 1 घंटा पूर्व उपस्थित होना आवश्यक है।
5) **यदि** आवेदक प्रदान की गयी तिथि व समय पर उपस्थित **नहीं होगा तो उसका** आवेदन निरस्त **माना** जाएगा।
6) **परीक्षा हॉल में ले जाने हेतु आवश्यक सामग्री** :– प्रवेश पत्र, पेन एवं पेंसिल।
7) परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार का केलकुलेटर, मोबाइन फोन, लिस्निंग डिवाईस, रिकार्डिंग डिवाईस, अलार्म वॉच इत्यादि ले जाना वर्जित **है**।
8) परीक्षार्थी परीक्षा आरंभ होने के पश्चात् 90 मिनिट की अवधि तक केन्द्र से बाहर नहीं जा सकेगा।

## अनुचित साधनः-

निम्नलिखित में से कोई भी क्रियाकलाप/गतिविधि परीक्षार्थी द्वारा उपयोग में लाने पर **इसे** अनुचित साधन (अनफेयर मिन्स) के अंतर्गत माना जावेगा।

1) आवेदक **द्वारा** अपने प्रवेश पत्र में किसी भी प्रकार की कांट–छाट **करना ।**
2) परीक्षा हॉल/कक्ष में अन्य परीक्षार्थी से किसी भी प्रकार का सम्पर्क/नकल करना।
3) अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति से परीक्षा दिलाना या परीक्षार्थी के स्थान पर अन्य कोई व्यक्ति का उपस्थित होना।
4) परीक्षा हॉल/कक्ष में अपने पास किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री रखना।
5) परीक्षा के दौरान चिल्लाना, बोलना, कानाफूसी करना, ईशारे करना व अन्य प्रकार से संपर्क साधना।
6) सक्षम अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना/अवज्ञा करना या उनके निर्देशों का पालन न करना।
7) परीक्षा कार्य में लगे कर्मचारी/अधिकारी को परेशान करना, धमकाना या शारीरिक चोट पहुंचाना।

उपरोक्त अनुचित साधनों का उपयोग करने पर अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही की जावेगी, प्रश्न पत्र का मूल्यांकन नहीं किया जावेगा तथा उसका अभ्यर्थित्व निरस्त कर दिया जावेगा।

*********************